# हैदराबाद के रोड शो में हुए 25 हजार करोड़ के एमओयू

## 32 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो



निवेशक के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व दयाशंकर मिश्र दयालु। विज्ञप्ति

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में हैदराबाद पहुंची टीम ने रोड शो के दौरान करीब 25 हजार करोड़ के 19 एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इससे करीब 32 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर स्वास्थ्य, ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए गए हैं।

रोड शो के दौरान कई अन्य निवेशकों ने भी निवेश की इच्छा जाहिर की। ये निवेशक फरवरी में लखनऊ में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होकर अपने निवेश को अंतिम रूप देंगे। उप मुख्यमंत्री की अगुआई वाली टीम में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, आयुष एवं एफएसडीए मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्रा, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश मौजूद थे। >> संबंधित पेज 2

**ये बड़े निवेशक :** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा. लि. : 15,500 करोड़, पल्सस ग्रूप : 2000 करोड़, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी प्रालि. : 1500 करोड़, वसई रिएलिटी प्रालि. : 1200 करोड़, फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्रालि. : 1200 करोड़, त्रिवेणी रिन्यूएबल्स प्रालि. : 1200 करोड़, एनएसएल शुगर्स लि. : 500 करोड़